# कदमा की दो ज्वेलरी दुकानों में ग्राहक बन पहुंची महिला, पायल-नथिया लेकर फरार

## आभूषण पसंद करने का बहाना बनाकर दुकानदार को उलझाया, सीसीटीवी फुटेज से पहचान में जुटी पुलिस

### लक्ष्मी ज्वेलर्स और माणिक चंद ज्वेलर्स को बनाया निशाना

क्राइम रिपोर्टर | जमशेदपुर

कदमा बाजार स्थित दो आभूषण दुकानों में ग्राहक बनकर पहुंची एक महिला द्वारा आभूषण चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। महिला ने खरीदारी का झांसा देकर दुकानों में प्रवेश किया और दुकानदार का ध्यान भटकाकर चांदी की पायल और नथिया लेकर रफूचक्कर हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके के आभूषण कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, महिला सबसे पहले कदमा स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स पहुंची। उसने दुकानदार से कई डिजाइन के आभूषण दिखाने को कहा। एक जोड़ी पायल पसंद करने का नाटक करते हुए वह काफी देर तक दुकानदार को बातचीत में उलझाए रही और मौका पाकर पायल पार कर दी। इसके तुरंत बाद महिला माणिक चंद ज्वेलर्स पहुंची और वहां नथिया चुरा ली।

महिला के जाने के बाद जब स्टॉक का मिलान किया गया, तब आभूषण कम होने का पता चला। दुकानदारों ने आसपास महिला की तलाश की, लेकिन वह गायब हो चुकी थी। इसके बाद क्षेत्र के अन्य ज्वेलरी दुकानदारों को भी संदिग्ध महिला के बारे में अलर्ट किया गया।

ज्वेलरी व्यवसायी शंकर प्रसाद वर्मा ने बताया- दोनों दुकानों और आसपास की सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। फुटेज में महिला की संदिग्ध गतिविधियां कैद हुई हैं, जिसके आधार पर उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।



**दुकानदार ये सावधानी बरतें**

- आभूषण दिखाते समय एक समय में सीमित काउंटर डिस्प्ले ही रखें।
- संदिग्ध ग्राहकों और बड़े थैलों के साथ आने वाले व्यक्तियों पर सीसीटीवी से निगरानी रखें।

## इधर, छत के रास्ते दुकान में घुसे चोर ₹1.50 लाख और चांदी की मूर्तियां उड़ाईं

### जुगसलाई घोड़ा चौक के पास की घटना, स्कूटी से पहुंचे थे दो युवक

**जमशेदपुर** | जुगसलाई स्टेशन रोड स्थित घोड़ा चौक के पास मलिक प्लाइवुड एंड डेवलपर प्रालि में बदमाशों ने छत के रास्ते प्रवेश कर चोरी की। बदमाश दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपए नकद, एक लैपटॉप, चांदी की लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति और सोने का एक सिक्का चुराकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद दुकान संचालक सुमित मल्लिक ने जुगसलाई थाना में लिखित शिकायत दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात दो युवक स्कूटी से दुकान के पास पहुंचे। दोनों ने छत पर चढ़कर सीढ़ियों के रास्ते दुकान के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दुकान के गल्ले और अलमारी को खंगालकर नकदी समेत सभी कीमती सामान समेट लिया। इसके बाद बदमाश जिस रास्ते आए थे, उसी रास्ते निकलकर स्कूटी से फरार हो गए।

**सीसीटीवी में कैद चोर**




घटना की सूचना मिलने पर जुगसलाई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने प्रतिष्ठान के अंदर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दो संदिग्ध युवकों की गतिविधियां कैद पाई गई हैं। पुलिस अब फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान करने और उनके आने-जाने के रूट (भागने की दिशा) का पता लगाने में जुटी हुई है। आसपास के अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के कैमरों की भी मदद ली जा रही है।

## तुरियाबेड़ा में विसर्जन जुलूस के दौरान हुई मारपीट में तीन नाबालिग समेत 10 गिरफ्तार

क्राइम रिपोर्टर | जमशेदपुर

- नाचने को लेकर शुरू हुआ था विवाद, अगले दिन दोनों पक्ष भिड़े; एक दर्जन से अधिक हुए थे घायल

एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा नेपाली बस्ती में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद के बाद दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से दर्ज काउंटर केस में 7 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि 3 नाबालिगों को रिमांड होम भेजा गया है।

एमजीएम थाना प्रभारी सचिन दास ने बताया- 18 सितंबर को विसर्जन जुलूस में नाचने को लेकर सुशील नामक युवक की कुछ लोगों से झड़प हुई थी, जिसे उस समय शांत करा दिया गया था। शनिवार शाम करीब 5.30 बजे सुशील अपने 8-10 साथियों के साथ दोबारा बस्ती पहुंचा, जहां दोनों पक्ष फिर भिड़ गए और जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। गंभीर रूप से घायल राहुल कर, धीरज कुमार और मुन्ना थापा को प्राथमिक उपचार के बाद टीएमएच रेफर किया गया। पुलिस ने एक पक्ष से रूपेश रजक, गोलू साव और राहुल साव तथा दूसरे पक्ष से राजू महतो, मोनू कुमार, निखिल राजपूत और बुद्धेश्वर गोराई को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

**साकची थाना के सामने पुलिस ने की कार्रवाई**



## रोड रोलर से कुचल कर 102 मॉडिफाइड साइलेंसर नष्ट किए

क्राइम रिपोर्टर | जमशेदपुर

शहर में बाइक पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। अभियान के दौरान जब्त किए गए 102 मॉडिफाइड साइलेंसर को सोमवार को साकची थाना के सामने सड़क पर रोड रोलर चलाकर नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई की जद में आए वाहन चालकों से 5-5 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइकों से तेज आवाज निकलती है। इससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ने के साथ सड़क पर चलने वाले लोगों को परेशानी होती है। इसी को देखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस ने ऐसी बाइकों को रोककर साइलेंसर जब्त किए और वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया।

जब्त साइलेंसर दोबारा इस्तेमाल न हों, इसलिए रोड रोलर से कुचलकर नष्ट किया गया। ट्रैफिक डीएसपी नीरज ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसर के साथ वाहन पकड़े जाने पर जुर्माना, साइलेंसर की जब्ती और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने वाहन चालकों से कंपनी फिटेड साइलेंसर इस्तेमाल करने की अपील की। तेज आवाज करने वाले वाहनों की जांच आगे भी जारी रहेगी।

## अभेद आश्रम ने 66वां स्थापना दिवस मनाया



**जमशेदपुर** | पारडीह चौक स्थित अघोरेश्वर भगवान राम अभेद आश्रम का 66वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रभातफेरी, सफाई अभियान, सत्संग, हेल्थ कैंप और भोग वितरण का आयोजन हुआ। व्यवस्थापक रामाशंकर सिंह ने बताया- 1961 में स्थापित यह आश्रम बिना सरकारी अनुदान के मानव कल्याण के लिए 19 सूत्री कार्यक्रम चला रहा है। कुष्ठ रोग निवारण में इसका नाम गिनीज और लिम्का बुक में दर्ज है।

# बिना लाइसेंस और वर्दी टेंपो चलाने पर ₹500 लगेगा जुर्माना; परमिट के लिए 7 दिन की मोहलत

## डीएसपी ट्रैफिक व डीटीओ ने संयुक्त रूप से जारी किया निर्देश; ई-रिक्शा चालकों के लाइसेंस के लिए विशेष कैंप लगेगा

क्राइम रिपोर्टर | जमशेदपुर

ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग शहर में मनमाने तरीके से टेंपो चलाने वाले चालकों पर मंगलवार से सख्ती करेगा। बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस और निर्धारित वर्दी के टेंपो-ऑटो चलाने पर 500 रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। गोलचक्कर या मोड़ के पास वाहन रोकने और सड़क पर जहां-तहां टेंपो खड़ा करने पर भी कार्रवाई होगी। सोमवार को ट्रैफिक डीएसपी श्रीनीरज और जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद ने संयुक्त रूप से इस संबंध में निर्देश जारी किया। ट्रैफिक डीएसपी कार्यालय में शिक्षित बेरोजगार ऑटो चालक संघ के साथ बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि गोलचक्कर या मोड़ से करीब 50 मीटर दूर वाहन रोकना होगा। सभी टेंपो स्टैंड में ही खड़े किए जाएंगे। ई-रिक्शा चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए विशेष कैंप लगाया जाएगा। वहीं, सभी टेंपो चालकों को वाहन का परमिट बनवाने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। बड़ी संख्या में चालक निर्धारित वर्दी भी नहीं पहनते हैं।

**बैठक में ये फैसले लिए गए**

- बिना वर्दी और वैध ड्राइविंग लाइसेंस के टेंपो चलाने पर कार्रवाई होगी।
- गोलचक्कर या मोड़ के पास टेंपो नहीं रोकना होगा।
- वाहन को मोड़ या गोलचक्कर से करीब 50 मीटर दूर रोकना होगा।
- सभी टेंपो स्टैंड में ही खड़े किए जाएंगे। सड़क पर जहां-तहां वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई होगी।
- ई-रिक्शा चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए विशेष कैंप लगाया जाएगा।
- सभी टेंपो चालकों को वाहन का परमिट बनवाने के लिए सात दिन का समय दिया गया है।

*टेंपो चालकों के नियमों के पालन को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा। चालकों को बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा। नियम तोड़ने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ई-रिक्शा चालकों की सूची परिवहन विभाग को उपलब्ध कराने को कहा, ताकि कैंप लगाकर उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जा सकें।*
**- महेश्वरी प्रसाद,** डीटीओ जमशेदपुर

## रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर** | छोटा गदड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ओत गुरु लाको बोदरा की जयंती पर चौथी बार रक्तदान शिविर लगाया गया। छोटानागपुर वेलफेयर सोसायटी और नई जिंदगी परिवार के सहयोग से जमशेदपुर ब्लड सेंटर में 45 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। छोलागोड़ा निवासी छोटे कुंटिया ने 11वीं बार और सरजामदा पुराना बस्ती के माझी बाबा भगत मुर्मू ने दूसरी बार रक्तदान किया।



## एनएचईएस में सेरेनिटी 2026 का आयोजन

**जमशेदपुर** | नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर सेरेनिटी 2026 आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सहानुभूति, सहयोग, सद्भाव और जिम्मेदारी का संदेश रचनात्मक प्रस्तुतियों के जरिए दिया। दीप प्रज्वलन के बाद छात्र परिषद अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया। प्रिंसिपल परमिता रॉयचौधरी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य सत्र में मैटिनी सवोयर से शांति दीप तक 12 आयोजनों में शांति के विभिन्न आयाम सामने आए। विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया।




## नितारा फाउंडेशन के शिविर में 82 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर** | गोविंदपुर स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती क्लब में नितारा फाउंडेशन द्वारा 11वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 82 लोगों ने रक्तदान किया। सचिव अमित कुमार ने कहा- संस्था शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे भी कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में जिला पार्षद डॉ परितोष सिंह, कांग्रेस नेता संजीव श्रीवास्तव मौजूद रहे।



## सीएसआईआर-एनएमएल के ऐतिहासिक प्रेक्षागृह में हिंदी सप्ताह पर कवि सम्मेलन



**जमशेदपुर** | हिंदी सप्ताह के अवसर पर सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) के ऐतिहासिक प्रेक्षागृह में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी ने कहा- कविता सांस्कृतिक धरोहर और लोकजीवन की संवेदनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। प्रशासन नियंत्रक जयशंकर शरण ने कहा- ओजस्वी कविताएं समाज को जागरूक करने और अन्याय के खिलाफ खड़े होने की ऊर्जा देती हैं। कवि दिवेन्दु त्रिपाठी ने गीत और संचालन से कार्यक्रम को जीवंत बनाया। डॉ संगीता नाथ ने ओज व शृंगार रस, मंजू शरण मंजुल ने गीत-शृंगार, बलविंदर सिंह ने देशभक्ति कविताएं और सुमन मिश्रा ने गजलें प्रस्तुत कीं। वरिष्ठ हिंदी अधिकारी डॉ पुरुषोत्तम कुमार ने कहा- कवि सम्मेलन झारखंड की सांस्कृतिक चेतना का उत्सव है। कार्यक्रम में संगीता घोष चौधरी समेत एनएमएल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोलमुरी क्लब कर्मियों को 17.5 % बोनस का समझौता

**जमशेदपुर** | गोलमुरी क्लब के कर्मचारियों को इस वर्ष 17.5 प्रतिशत बोनस देने पर प्रबंधन और कैंटीन होटल रेस्टोरेंट वर्कर्स यूनियन के बीच समझौता हुआ। समझौते के अनुसार कर्मचारियों को न्यूनतम 24,436 रुपये और अधिकतम 57,660 रुपये का भुगतान किया जाएगा। प्रबंधन की ओर से अध्यक्ष उज्जवल चक्रवर्ती और सेक्रेटरी राजेश रोशन ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए, जबकि यूनियन की ओर से अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने सहमति दर्ज कराई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्लब को आगे बढ़ाने के लिए प्रबंधन, यूनियन और कर्मचारियों को मिलकर सकारात्मक दिशा में काम करना होगा। यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने बताया कि बीते वर्षों में क्लब में लगातार विकास कार्य हुए हैं और सौंदर्यीकरण की गतिविधियां अभी भी चल रही हैं।

## यूथ वेलफेयर सोसायटी के शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर** | कोल्हान यूथ वेलफेयर सोसायटी की ओर से कपाली स्थित मिलन हॉल में छठा एकदिवसीय मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 65 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। संस्था के अध्यक्ष शानुर रहमान ने बताया- शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदाताओं को मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में डॉ नूरजमां खान, मो. इनाम, सोनू, रियाज, अशरफ, आसिफ, आफताब, लादेन, शाहरुख, जसीम, नौशाद व बबलू ने योगदान दिया।

## शांति दिवस पर गांधी विचार, अहिंसा व सामाजिक एकता को बढ़ाने पर चर्चा

**जमशेदपुर** | अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर जिला सर्वोदय मंडल और गांधी शांति प्रतिष्ठान के प्रतिनिधियों ने टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी व उपाध्यक्ष शाहनवाज आलम से मुलाकात की। इस दौरान शहर में शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता का वातावरण मजबूत करने पर चर्चा हुई।

संयुक्त राष्ट्र की इस वर्ष की थीम इनवेस्ट इन पीस फॉर एवरीवन, एवरीवेयर और एवरीडे के संदर्भ में संवाद, सहयोग और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने पर विचार किया गया। महात्मा गांधी के जमशेदपुर आगमन के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर डॉ सुखचंद्र झा की पुस्तक झारखंड में गांधी की प्रति यूनियन पदाधिकारियों को भेंट की गई। अगले एक वर्ष में गांधी विचार, अहिंसा, सत्य और सामाजिक एकता पर गतिविधियां आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। मौके पर विवेक कुमार व अंकुर शाश्वत मौजूद थे।



## डीबीएमएस गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल को स्वर्ण पदक

**जमशेदपुर** | डीबीएमएस गर्ल्स हाई स्कूल कदमा की प्रधानाध्यापिका और 37 झारखंड बटालियन एनसीसी की एसोसिएट एनसीसी अधिकारी सी. कनगधारा ने एनसीसी ओटीए (ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी) ग्वालियर में आयोजित 20 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में ऑर्डर ऑफ मेरिट में स्वर्ण पदक जीता। 31 अगस्त से 19 सितंबर 2026 तक आयोजित इस रिफ्रेशर कोर्स में विभिन्न राज्यों से 117 महिला एएनओ ने भाग लिया। प्रशिक्षण में बुनियादी सैन्य अभ्यास, व्यक्तित्व विकास, उपदेशक कौशल, मैप रीडिंग, खेल, योग और आपदा प्रबंधन जैसे विषय शामिल रहे।



### दुर्गापूजा केंद्रीय समिति ने विसर्जन घाटों का स्थल निरीक्षण किया

# दुर्गापूजा से पहले दुरुस्त होंगी शहर की सड़कें, विसर्जन घाट और स्ट्रीट लाइटें

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

आगामी दुर्गापूजा को लेकर शहर में प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। शहरवासियों और पूजा समितियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जमशेदपुर दुर्गापूजा केंद्रीय समिति ने विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान की पहल शुरू कर दी है। उपायुक्त के निर्देश पर केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों ने पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) के अधिकारियों के साथ प्रमुख विसर्जन घाटों का स्थल निरीक्षण किया। शहरी क्षेत्र की बुनियादी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए टीएसयूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) के अधिकारियों के साथ अहम बैठक भी की गई।

केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों ने शहर के प्रमुख विसर्जन स्थल सुवर्णरेखा घाट साकची का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान विसर्जन स्थल के पास ढलान (स्लोप) में तत्काल सुधार की आवश्यकता महसूस की गई। समिति के प्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारी दिव्यांशु को इस समस्या से अवगत कराया। बताया गया- विसर्जन के दौरान घाट पर एक साथ 15 से 20 भारी वाहन खड़े होते हैं, इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूजा से पूर्व स्लोप को दुरुस्त करना अति आवश्यक है। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए क्रेन और एम्बुलेंस के खड़े होने का स्थान भी पूर्व से निर्धारित किया गया। समिति को आश्वासन मिला है- इस वर्ष घाट की व्यवस्थाएं पिछले वर्ष की तुलना में अधिक सुगम होंगी।

**इन प्रमुख समस्याओं के समाधान पर बनी सहमति**

- लिट्टी चौक के समीप होने वाले जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान।
- शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बंद पड़ी हाईमास्ट लाइटों को चालू करना।
- नामदा बस्ती काली माता मंदिर और एक्स-एन टाइप सिदगोड़ा में ड्रेनेज कवर लगाना व अस्थायी स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था।
- आमबागान मैदान की स्थिति सुधारना
- बारीडीह चौक मैदान में गिरे पेड़ों को हटाना।
- पूजा स्थलों के समीप अस्थायी पार्किंग स्थल बनाना।
- विसर्जन मार्गों को सुगम बनाना।
- बर्मामाइंस गोलचक्कर के विस्तारीकरण कार्य को समय पर पूरा करना।

## विश्वकर्मा लोहार समाज का प्रदेश सम्मेलन संपन्न



**जमशेदपुर** | गुमला में विश्वकर्मा लोहार समाज की प्रदेश कमेटी का वार्षिक सम्मेलन विष्णु विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का संचालन उत्तम विश्वकर्मा और लेखा-जोखा प्रस्तुत प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा ने किया। सम्मेलन में शिक्षा, स्वरोजगार, नशा मुक्ति और निर्माणाधीन विश्वकर्मा मंदिर के उद्घाटन पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की पत्नी को मंत्री पद देने व गिरिडीह उपचुनाव में प्रत्याशी बनाने की मांग की गई। सम्मेलन में डॉ रेनू शर्मा को प्रदेश सचिव, नीतू शर्मा को उपाध्यक्ष और प्रकाश विश्वकर्मा को प्रवक्ता मनोनीत किया गया।


**पंजाब नैशनल बैंक ....भरोसे का प्रतीक | Punjab National Bank ...the name you can BANK upon !**

ARMB, राँची (पता: एस. एन. गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, रांची, जिला – राँची, झारखंड – 834001 | फोन : 7300705205, ई-मेल: cs6794@pnb.bank.in

**अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एंव 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित लेनदार को बंधक/ प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक जो भी लागू हो जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/ प्रतिभूति लेनदार द्वारा लिया गया है। सम्बंधित उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों से बैंक/ सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित तिथि पर **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि सम्बंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लिखित है।

| लॉट सं. | शाखा का नाम / खाता का नाम / उधारकर्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता | बंधक/ स्वामी के नाम के अचल सम्पत्तियों का विवरण (बंधककर्त्ता की सम्पत्ति (यों) | A) 13(2) SARFAESI एक्ट के तहत डिमांड नोटिस की तिथि B) डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि C) कब्जा की तिथि 13(4) SARFAESI एक्ट 2002 के अनुसार D) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक/ रचनात्मक | A) आरक्षित मूल्य (रू0 लाख में) B) इएमडी C) बोली वृद्धि राशि D) Baanknet प्रॉपर्टी आईडी | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | शाखा कायार्लय : जमशेदपुर, जमशेदपुर (006320)<br>**श्रीमती पूनम प्रभात,** R/o: बागबेड़ा कॉलोनी, रोड नंबर-4, शिव मंदिर के पास, जमशेदपुर, जिला-पूर्वी सिंहभूम, पिन-831002<br>**श्री राज कुमार प्रभात,** पिता - स्व० सुदामा प्रभात, फ्लैट संख्या-414, चौथी मंज़िल, केशरी कॉम्प्लेक्स, A ब्लॉक, मानगो गुरुनानक मोहल्ला, राजेन्द्र नगर, डिमना रोड, जमशेदपुर, जिला-पूर्वी सिंहभूम, पिन-831012<br>**श्री बृज नंदन राय (जमानतदार),** R/o: क्वार्टर संख्या G-1, टाइप Q, रोड वेस्ट, बिष्टुपुर, जमशेदपुर, जिला-पूर्वी सिंहभूम, पिन-831001 | आवासीय फ्लैट संख्या 4/4, जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 1050 वर्ग फुट है, जो बहुमंज़िला भवन के चौथे तल पर स्थित है, जिसे सामान्यतः **"केशरी कॉम्प्लेक्स"** के नाम से जाना जाता है। उक्त फ्लैट के साथ भवन के भूतल (ग्राउंड फ्लोर) पर स्थित एक कार पार्किंग स्थान, जिसका क्षेत्रफल 110 वर्ग फुट है, भी सम्मिलित है। यह संपत्ति A-ब्लॉक में स्थित है, जो मौजा मानगो में अवस्थित है तथा नया प्लॉट संख्या 4842 के भाग पर निर्मित है, जो नया खाता संख्या 803 के अंतर्गत दर्ज है। स्थान का नाम गुरुनानक मोहल्ला, राजेन्द्र नगर, डिमना रोड, थाना मानगो, थाना संख्या 1642, सर्वे वार्ड संख्या 09, एम.एन.ए.सी. नगर जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम, राज्य झारखंड है।उक्त संपत्ति श्रीमती पूनम प्रभात के नाम पर विक्रय विलेख संख्या 5231/6309, दिनांक 27.11.2015 के माध्यम से दर्ज है। **संपत्ति की सीमाएँ :** उत्तर: कृपाल सिंह की खाली भूमि, दक्षिण: फ्लैट संख्या 4/3, सुरजीत सिंह, पूर्व: मधुसूदन कल्पना, पश्चिम: फ्लैट संख्या 4/5, एस. लोमका | A) 08.10.2021<br>B) Rs. 28,12,618.93 + further interest<br>C) 23.09.2025<br>D) सांकेतिक कब्जा | A) Rs. 16,22,000.00<br>B) Rs. 1,62,200.00<br>C) Rs 50,000.00<br>D) PUNB67942121 | 06.10.2026 11:00 AM to 04:00 PM |

**प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार का विवरण - बैंक को ज्ञात नहीं**

**नियम एवं शर्तें**

बिक्री सुरक्षा (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों एवं शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा।

01. सम्पत्तियों को **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जा रहा है।
02. अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसम्पत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जबावदेह नही होगा।
03. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक **06.10.2026 को अपराह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक की जाएगी।**
04. उपरोक्त उल्लिखित बयाना राशि (EMD) को PSB Alliance Private Limited के E-Wallet में (**http://baanknet.com**) पोर्टल के माध्यम से सीधे जमा किया जाएगा अथवा उसी पोर्टल पर चालान (Challan) उत्पन्न कर, उसमें दिए गए खाते के विवरण के अनुसार RTGS/NEFT के माध्यम से EMD जमा किया जाएगा। यह राशि **दिनांक 05.10.2026 को 16:00 बजे से पूर्व** अनिवार्य रूप से जमा की जानी चाहिए।
05. बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** और **www.pnb.bank.in** पर देखें।

अधिक जानकारी के लिए

**SARFAESI अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना**

तिथि : 16.09.2026
स्थान : जमशेदपुर

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूति दाता